अर्द्धवार्षिक परीक्षा

समयः2½ घण्टे विषय-सामाजिक विज्ञान पूर्णांकः80

कक्षा-8

नोटः सभी प्रश्न अनिवार्य है।

प्र.1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। 10

क) बंगाल पर अंग्रेजों की जीत_____ की जंग से शुरू हुई थी।

ख) हैदर अली और टीपू सुल्तान_____के शासक थे।

ग) डलहौजी ने_____का सिद्धान्त लागू किया।

घ) मराठा रियासतें मुख्य रूप से भारत के_____।

ड.) _____की खोज से नील की अन्तर्राष्ट्री मांग पर बूरा असर पड़।

प्र.2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त में दीजिए। 10

1. नेपाल की जनता ने नया संविधान कब अपनाया?
2. संघवाद का क्या अभिप्राय है?
3. सार्वभौमिक व्यस्क मताधिकार से क्या अभिप्राय है?
4. जैव मण्डल किसे कहते हैं?
5. प्राकृतिक संसाधन किसे कहते हैं?

प्र.3. निम्नलिखित पद को ध्यानपूर्वक पढ़कर पॉच प्रश्न बनाओ। 5

स्वामी विवेकानन्द आधुनिक समय के पहले भारतीय थे। जिन्होंने विश्वव्यापी स्तर पर वेदांत दर्शन के आध्यात्मिक गौरव को पुनर्स्थापित किया। लेकिन उनका उद्देश्य केवल धर्म की व्याख्या करना नहीं था। अपने देशवासियों की निर्धरता और दुर्दशा से उन्हें अतिशय दुःख हुआ। उनका यह दृढ़ विश्वास था कि कोई भी सुधार तभी सफल हो सकता है, जब जनसमूह की दशा उन्नत हो, अतः भारत के लोगों को उन्होंने "रसोइघर के धर्म की संकीर्ण चारदीवारी से बाहर निकलने और राष्ट्र की सेवा में एक जुट होने का आहवान किया।"

प्र.4. लार्ड डलहौजी की हडपननीति क्या थी ? संक्षिप्त में लिखिए। 5

प्र.5. कठपुतली से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए। 5

प्र.6. संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकारों का उल्लेख कीजिए। 5

प्र.7. जल संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए। 5

प्र.8. महिला हिंसा से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए। 5

प्र.9. खनिजों का संरक्षण क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए। 5

प्र.10. स्थानांतरी कृषि से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए। 5

प्र.11. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही मिलान कीजिए। 10

क)	दीवानी	टीपू सुल्तान
ख)	शेर-ए-मैसूर	भूराजस्व वसूल करने का अधिकार
ग)	फौजदारी अदालत	भारत का पहला गवर्नर जनरल
घ)	रानी चेन्नम्मा	फौजदारी मुकदमा
ड.)	वॉरेन हेस्टिंग्स	किन्तूर में अंग्रेज विरोधी आन्दोलन का नेतृत्व किया।

प्र.12. संसार के मानचित्र में निम्न को दर्शाइये। 10

1. उत्तरी अमेरिका का महाद्वीप
2. कर्क रेखा
3. प्रशान्त महासागर
4. हिन्द महासागर
5. भारत देश